**विधान परिषद के तृतीय सत्र, 2022 के प्रथम सोमवार के लिए निर्धारित श्री आशुतोष सिन्हा, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-23 का उत्तर-**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 23(क) क्या लोक निर्माण मंत्री बतायेंगे कि जनपद-सिद्धार्थनगर के पकड़ी जोगियॉ मार्ग के जगमोहनी से ग्राम-दुमदुमवा लिंक मार्ग जर्जर अवस्था में है, जिसके कारण राहगीरों एवं क्षेत्रीय जनता को परेशानी का सामना करना पड़ता है ? | प्रश्नगत मार्ग ग्रामीण श्रेणी का मार्ग है । यह मार्ग पकड़ी उदयपुर मार्ग के किमी0-2(800) से बायें तरफ निकलकर दुमदुमवा ग्राम को जोड़ता है । मार्ग के विशेष मरम्मत कार्य की स्वीकृति वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर है । |
| (ख) यदि हाँ, तो उक्त मार्ग का नवीनीकरण करायेंगे ? | उपर्युक्तानुसार । |
| (ग) यदि हाँ, तो कब तक ? | उपर्युक्तानुसार । |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | उपर्युक्तानुसार । |

बृजेश सिंह,
राज्य मंत्री,
लोक निर्माण विभाग ।

**विधान परिषद के तृतीय सत्र, 2022 के प्रथम सोमवार के लिए निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-24 का उत्तर-**

---

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 24(क) क्या लोक निर्माण मंत्री बतायेंगे कि जनपद-उन्नाव, तहसील-हसनगंज में नई सरॉय से लेकर अजगैन रेलवे स्टेशन तक का मार्ग जर्जर अवस्था में है, जिस कारण राहगीरों एवं क्षेत्रीय जनता को परेशानी का सामना करना पड़ता है ? | जनपद उन्नाव के विकास खण्ड नवाबगंज के अन्तर्गत अजगैन-मलिहाबाद-इटौंजा मार्ग (राज्य मार्ग सं0-115) लम्बाई 19.020 है । प्रश्नगत मार्ग के किमी0-13 में नई सरॉय तथा किमी0-1 में अजगैन रेलवे स्टेशन स्थित है । मार्ग के विशेष मरम्मत कार्य की स्वीकृति वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर है । |
| (ख) यदि हाँ, तो उक्त मार्ग का नवीनीकरण करायेंगे ? | उपर्युक्तानुसार । |
| (ग) यदि हाँ, तो कब तक ? | उपर्युक्तानुसार । |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | उपर्युक्तानुसार । |

बृजेश सिंह,
राज्य मंत्री,
लोक निर्माण विभाग ।

**विधान परिषद के तृतीय सत्र, 2022 के प्रथम सोमवार के लिए निर्धारित श्री पवन कुमार सिंह, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-22 का उत्तर-**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 22(क) क्या लोक निर्माण मंत्री बतायेंगे कि जनपद-सीतापुर के विकास खण्ड-मिश्रिख, ग्राम-सआदत नगर से चितवा पुलिया तक मार्ग अत्यन्त खराब है, जिससे आवागमन में अत्यधिक कठिनाई होती है ? | जनपद सीतापुर के विकास खण्ड मिश्रिख में ग्राम सआदतनगर (सहादतनगर) पूर्व से लेपित मार्ग से जुड़ा है । वर्तमान में ग्रामों को आपस में जोड़े जाने की कोई नीति लोक निर्माण विभाग में प्रचलित नहीं है । |
| (ख) यदि हाँ, तो उक्त समस्या के निदान हेतु सड़क का निर्माण करायेंगे ? | उपर्युक्तानुसार । |
| (ग) यदि हाँ, तो कब तक ? | उपर्युक्तानुसार । |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता । |

बृजेश सिंह,
राज्य मंत्री,
लोक निर्माण विभाग ।

**विधान परिषद के तृतीय सत्र, 2022 के प्रथम सोमवार के लिए निर्धारित श्री पवन कुमार सिंह, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-1 का उत्तर-**

| **प्रश्न** | **उत्तर** |
|---|---|
| 1(क) क्या लोक निर्माण मंत्री बतायेंगे कि जनपद-सीतापुर के विकास खण्ड महोली बैसवे के पुल से कैमहरा रधुवर दयाल प्राथमिक विद्यालय तक मार्ग कच्चा है, जिससे आवागमन में अत्यधिक कठिनाई होती है ? | जनपद सीतापुर के विकास खण्ड महोली के कैमहरा श्री चन्द के मकान से नहर पुलिया तक मार्ग से कैमहरा ग्राम पक्के मार्ग से जुड़ा है । मार्ग के अन्तिम छोर से जूनियर हाई स्कूल तक 200मी0 में ब्रिक टाइल्स लगा है तथा उसके आगे प्राथमिक विद्यालय स्थित है । जूनियर हाई स्कूल से प्राथमिक विद्यालय तक 750 मी0 लम्बाई में प्राथमिक विद्यालय के गेट तक ब्रिक सोलिंग लगी है । उक्त ग्राम पक्के मार्ग से संतृप्त है । वर्तमान में दो तरफ से ग्राम को जोडने की कोई नीति लोक निर्माण विभाग में प्रचलित नहीं है । |
| (ख) यदि हाँ, तो उक्त समस्या के निदान हेतु रोड का निर्माण करायेंगे ? | उपर्युक्तानुसार । |
| (ग) यदि हाँ, तो कब तक ? | उपर्युक्तानुसार । |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | उपर्युक्तानुसार । |

बृजेश सिंह,
राज्य मंत्री,
लोक निर्माण विभाग ।

**विधान परिषद के तृतीय सत्र, 2022 के प्रथम सोमवार के लिए निर्धारित श्री पवन कुमार सिंह, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-7 का उत्तर-**

---

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 7(क) क्या लोक निर्माण मंत्री बतायेंगे कि जनपद-सीतापुर के विकास खण्ड मिश्रिख ग्राम निरहन से साहब नगर तक दूरी लगभग 03 कि0मी0 तक का मार्ग अत्यन्त खराब है, जिससे आवगमन में अत्यधिक कठिनाई होती है ? | जनपद सीतापुर के विकास खण्ड मिश्रिख के अन्तर्गत आंट-इमलिया-चित्रकूट वाया सूरजपुर होते हुए बी0पी0 मार्ग के किमी0 126 तक मार्ग (अन्य जिला मार्ग) के किमी0 05 से निरहन सम्पर्क मार्ग एवं किमी0 03 से साहबनगर सम्पर्क मार्ग लेपित मार्ग से जुड़ा है दोनों ग्राम पूर्व से एकल सम्पर्क मार्ग से संतृप्त है । वर्तमान में ग्रामों को परस्पर जोडने की कोई नीति लोक निर्माण विभाग में प्रचलित नहीं है । |
| (ख) यदि हाँ, तो उक्त समस्या के निदान हेतु सड़क का निर्माण करायेंगे ? | उपर्युक्तानुसार । |
| (ग) यदि हाँ, तो कब तक ? | उपर्युक्तानुसार । |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता । |

बृजेश सिंह
राज्य मंत्री,
लोक निर्माण विभाग ।

**विधान परिषद के तृतीय सत्र, 2022 के प्रथम सोमवार के लिए निर्धारित श्री पवन कुमार सिंह, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-8 का उत्तर-**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 8(क) क्या लोक निर्माण मंत्री बतायेंगे कि जनपद-सीतापुर के विकास खण्ड मिश्रिख चिपोना नहर पुलिया से बरमी तक दूरी लगभग 04 कि0मी0 तक का मार्ग अत्यन्त खराब है, जिससे आवागमन में अत्यधिक कठिनाई होती है ? | जनपद सीतापुर के विकास खण्ड मिश्रिख में ग्राम बर्मी पूर्व से लेपित मार्ग से जुड़ा है । प्रस्तावित मार्ग उक्त ग्राम को दूसरी ओर से जोड़ता है । वर्तमान में ग्रामों को परस्पर जोडने की कोई नीति लोक निर्माण विभाग में प्रचलित नहीं है । |
| (ख) यदि हाँ, तो उक्त समस्या के निदान हेतु सड़क का निर्माण करायेंगे ? | उपर्युक्तानुसार । |
| (ग) यदि हाँ, तो कब तक ? | उपर्युक्तानुसार । |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता । |

बृजेश सिंह,
राज्य मंत्री,
लोक निर्माण विभाग ।

**विधान परिषद के तृतीय सत्र, 2022 के प्रथम सोमवार के लिए निर्धारित श्री भीमराव अम्बेडकर, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-9 का उत्तर-**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 9(क) क्या लोक निर्माण मंत्री बतायेंगे कि जनपद-उन्नाव में अजगैन से मोहान तक लगभग 15 कि0मी0 सड़क अत्यन्त जर्जर एवं क्षतिग्रस्त है ? | जी हॉ । |
| (ख) क्या उक्त सड़क का निर्माण कराकर चलने योग्य बनवायेंगे ? | जी हॉ । |
| (ग) यदि हाँ, तो कब तक ? | मार्च, 2023 तक कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा । |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता । |

जितिन प्रसाद,
मंत्री,
लोक निर्माण विभाग ।

**विधान परिषद के तृतीय सत्र, 2022 के प्रथम सोमवार के लिए निर्धारित श्री पवन कुमार सिंह, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-9 का उत्तर-**

---

| <u>प्रश्न</u> | <u>उत्तर</u> |
|---|---|
| 9(क) क्या लोक निर्माण मंत्री बतायेंगे कि जनपद-सीतापुर के विकास खण्ड मिश्रिख ग्राम बिराहिमपुर से पक्की सड़क दूरी लगभग 900 मी0 है, तक का मार्ग अत्यन्त खराब है, जिससे आवागमन में अत्यधिक कठिनाई होती है ? | जनपद सीतापुर के विकास खण्ड मिश्रिख में ग्राम बिराहिमपुर पूर्व से लेपित मार्ग से जुड़ा है । प्रश्नगत मार्ग उक्त ग्राम को दूसरी ओर से जोड़ता है । वर्तमान में किसी ग्राम को डबल कनेक्टिविटी से जोड़ने की कोई नीति लोक निर्माण विभाग में नहीं है । |
| (ख) यदि हाँ, तो उक्त समस्या के निदान हेतु सड़क का निर्माण करायेंगे ? | उपर्युक्तानुसार । |
| (ग) यदि हाँ, तो कब तक ? | उपर्युक्तानुसार । |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | उपर्युक्तानुसार । |

बृजेश सिंह
राज्य मंत्री,
लोक निर्माण विभाग ।

**विधान परिषद के तृतीय सत्र, 2022 के प्रथम सोमवार के लिए निर्धारित श्री अशोक अग्रवाल, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-4 का उत्तर-**

---

| **प्रश्न** | **उत्तर** |
|---|---|
| 4(क) क्या लोक निर्माण मंत्री बतायेंगे कि जनपद-हरदोई के अन्तर्गत सण्डीला-अतरौली मार्ग से निकले सम्पर्क मार्ग सरवा बराही मार्ग जिसका विगत लगभग 10 वर्ष पूर्व डामरीकरण कराया गया था, अत्यन्त जर्जर हालत में है ? | प्रश्नगत मार्ग हेतु लोक निर्माण विभाग के शासनादेश दिनांक 30.11.2021 द्वारा विशेष मरम्मत मद के अन्तर्गत कुल लम्बाई 6.00 किमी0 व लागत रू0 61.73 लाख की स्वीकृति निर्गत की जा चुकी है । |
| (ख) यदि हाँ, तो क्या उक्त मार्ग के निर्माण हेतु धन स्वीकृत हो जाने के बावजूद अभी तक कार्य प्रारम्भ न कराये जाने से आवागमन बाधित हो गया है ? | जी नहीं । कार्य प्रगति पर है । |
| (ग) उक्त मार्ग के निर्माण हेतु कितना धन तथा कब स्वीकृत हुआ ? | उपर्युक्तानुसार । |
| (घ) उक्त मार्ग के निर्माण कार्य में शिथिलता हेतु उत्तरदायी कौन है ? | विशेष मरम्मत मद के अन्तर्गत सण्डीला-अतरौली-भटपुर से सरवा बराही सम्पर्क मार्ग का नवीनीकरण का कार्य प्रगति पर है । अद्यतन 2.70 कि0मी0 लम्बाई में कार्य पूर्ण हो चुका है । सम्पूर्ण कार्य 15 दिसम्बर, 2022 तक पूर्ण कर लिया जायेगा । |
| (ङ.) उक्त मार्ग कब तक पूर्ण करा दिया जायेगा ? | उपर्युक्तानुसार । |

जितिन प्रसाद,
मंत्री,
लोक निर्माण विभाग ।

**विधान परिषद के तृतीय सत्र, 2022 के प्रथम सोमवार के लिए निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-19 का उत्तर-**

---

| <u>प्रश्न</u> | <u>उत्तर</u> |
|---|---|
| 19(क) क्या लोक निर्माण मंत्री बतायेंगे कि जनपद-लखनऊ की तहसील मलिहाबाद में मेन रोड से ग्राम रसूलपुर कटौली (लगभग डेढ़ किलो मीटर) जाने वाला मार्ग जर्जर होने के कारण ग्रमीणों व राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है ? | प्रश्नगत कटौली रसूलपुर मार्ग, लखनऊ-हरदोई राष्ट्रीय मार्ग सं-731 के किमी0-231 से निकलता है जिसकी लम्बाई 1.500 किमी0 है । उक्त मार्ग पर नवीनीकरण का कार्य वर्ष 2016 में कराया गया था । ग्रामीण मार्गों के नवीनीकरण की नीति के अनुसार निर्धारित चक्र 08 वर्ष पूर्ण होने के उपरान्त नवीनीकरण का कार्य वर्ष 2023-24 में किया जाना प्रस्तावित है । पैच मरम्मत का कार्य कराकर मार्ग को गड्ढामुक्त करा दिया गया है एवं मार्ग यातायात हेतु सुगम है । |
| (ख) यदि हाँ, तो कब तक उक्त जर्जर रोड का नवीनीकरण/मरम्मतीकरण का कार्य प्राथमिकता पर करायेंगे ? | उपर्युक्तानुसार । |
| (ग) यदि नहीं, तो क्यों ? | उपर्युक्तानुसार । |

बृजेश सिंह,
राज्य मंत्री,
लोक निर्माण विभाग ।

**विधान परिषद के तृतीय सत्र, 2022 के प्रथम सोमवार के लिए निर्धारित श्री सुरेश कुमार त्रिपाठी, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-8 का उत्तर-**

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 8(क) क्या लोक निर्माण मंत्री बतायेंगे कि जनपद कौशाम्बी में सैनी से लेहंदरी पुल होते हुए आलपुर जाने वाली सड़क अत्यन्त क्षतिग्रस्त एवं जर्जर है, जिसमें प्रतापगढ़, लखनऊ और कौशाम्बी आने जाने वाले नागरिकों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है ? | जनपद कौशाम्बी में सैनी से लेहदरी पुल तक लम्बाई 13.05 किमी0 तथा जनपद प्रतापगढ़ के अन्तर्गत 1.955 किमी0 लम्बाई में मार्ग को पैच मरम्मत से ठीक करा दिया गया है, मार्ग सुगम यातायात हेतु उपलब्ध है । |
| (ख) क्या उक्त सड़क के मरम्मत/पुन: निर्माण हेतु आगणन मंगाकर सड़क निर्माण करायेंगे ? | जी हां। जनपद कौशाम्बी में लेहदरी पुल तक कुल लम्बाई 13.50 किमी0 में से 5.5 किमी0 सामान्य मरम्मत के अन्तर्गत नवीनीकरण दिनांक 08.10.2022 द्वारा स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है ।<br>विषयगत मार्ग में जनपद प्रतापगढ़ की सीमा के अन्तर्गत 1.955 किमी0 लम्बाई के विशेष मरम्मत की स्वीकृति वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर है । |
| (ग) क्या उक्त सड़क अल्पावधि में खराब हो जाने के कारणों की उच्चस्तरीय जांच कराकर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे ? | उक्त मार्ग अल्प अवधि में क्षतिग्रस्त नहीं हुआ है। अन्य जिला मार्ग के नवीनीकरण हेतु निर्धारित चक्र अवधि के उपरान्त सामान्य मरम्मत के अंतर्गत नवीनीकरण के कार्य की स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। |
| (घ) यदि हां, तो कब तक ? | प्रश्न नहीं उठता। |

जितिन प्रसाद,
मंत्री,
लोक निर्माण विभाग ।

**विधान परिषद के तृतीय सत्र, 2022 के प्रथम सोमवार के लिए निर्धारित श्री आशुतोष सिन्हा, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-37 का उत्तर-**

| <u>प्रश्न</u> | <u>उत्तर</u> |
|---|---|
| 37(क) क्या लोक निर्माण मंत्री बतायेंगे कि द्वितीय सत्र 2022 प्रथम सोमवार के लिए निर्धारित डा0 मानसिंह यादव सदस्य, वि0प0 द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-01 का भ्रामक/गलत जवाब दिये जाने के सम्बन्ध में प्रश्नकर्ता का पत्र दिनांक 19 सितम्बर, 2022 जोकि आपकों सम्बोधित था, प्राप्त हुआ है ? | जी हॉ । |
| (ख) यदि हाँ, तो उक्त पत्र के आधार पर जॉच कराते हुए भ्रामक/गलत जवाब देने वाले अधिकारियों का उत्तरदायित्व निर्धारित कराकर जर्जर रोड का नवीनीकरण करा दिया गया है? | प्रकरण में तथ्यों की जांच तथा उत्तरदायित्व निर्धारित किये जाने हेतु मुख्य अभियंता (लेवल-2) के अधिकारी की अध्यक्षता में समिति गठित कर दी गयी है ।<br>प्रश्नगत मार्ग अन्य जिला मार्ग की श्रेणी का मार्ग है जिसकी लम्बाई 23.94 किमी0 है। इस क्षतिग्रस्त मार्ग पर स्टोन बैलास्ट से गड्ढे भरते हुए यातायात हेतु मोटरेबुल कर दिया गया है । मार्ग की विशेष मरम्मत की स्वीकृति वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर है । |
| (ग) यदि नहीं, तो कब तक उक्त पर कार्यवाही करायेंगे ? | उपर्युक्तानुसार । |

बृजेश सिंह,
राज्य मंत्री,
लोक निर्माण विभाग ।